# है दुनिया दीवानी | By Shyam Salona

खुशबू दिल में समाई मेरे खाटू धाम की
है दुनिया दीवानी मेरे बाबा श्याम की

श्याम प्रभु की महिमा न्यारी
कलयुग में बाबा अवतारी
जो खाटू में हैं आये
अपनी बिगड़ी बनाये
सांस माला जपे अब तो इनके नाम की

खाटू नगरी धाम है निराला
सबका मालिक है खाटू वाला
बिगड़ी भक्तों की बनती
उजड़ी बगिया है खिलती
फिर क्यूँ चिंता करू मैं अब काम की

तुझसे बाबा आस है मुझको
तुझ पर ही विश्वास है मुझको
सोनी की डोर बाबा
बड़ी कमज़ोर बाबा
माथे माटी लगाईं है खाटू धाम की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-shyam-salona/